समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

# IIT दिल्ली ने बदला B.Tech कोर्स स्ट्रक्चर, अब पढ़ाई होगी इंडस्ट्री के हिसाब से, कम होगा छात्रों पर बोझ।

---

Publisher

Published on | 29 May 2025




## 12 साल बाद आया बड़ा बदलाव, नए कोर्स मे AI, सस्टेनेबिलिटी और ऑनर्स-मास्टर्स के साथ लचीलापन भी।

**नई दिल्ली :** देश के अग्रणी तकनीकी संस्थान **आईआईटी दिल्ली** ने अपने **बीटेक प्रोग्राम** में एक बड़ा बदलाव करते हुए छात्रों को राहत देने वाला नया कोर्स ढांचा पेश किया है। इस परिवर्तन के साथ संस्थान का उद्देश्य न केवल छात्रों पर से अकादमिक बोझ कम करना है, बल्कि उन्हें **आधुनिक तकनीकों और इंडस्ट्री फ्रेंडली स्किल्स** से लैस करना भी है।

**अब कोर्स होगा ज्यादा लचीला और प्रैक्टिकल**

IIT दिल्ली के निदेशक **रंगन बनर्जी** ने जानकारी दी कि नया कोर्स डिजाइन **छात्रों, एलुमनी और फैकल्टी** के सुझावों के आधार पर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि अब कोर्स ऐसा होगा जो "**सीखते जाओ, करते जाओ**" की सोच को बढ़ावा देगा।

**पहले साल मे हंल्का सिलेबस और छोटी क्लास**

नए ढांचे के अनुसार:

१. पहले साल में **कोर विषयों के क्रेडिट घटाए** गए हैं।

२. **क्लास साइज 300 से घटाकर 150 की गई** है ताकि हर छात्र को पर्सनल अटेंशन मिल सके।

३. **छात्रों को धीरे-धीरे कोर्स मे ढालने की प्रक्रिया को प्राथमिकता** दी गई है।

**तकनीक और पर्यावरण दोनों पर फोकस**

१. अब छात्रों को **AI आधारित टूल्स** और **कोड जनरेटर** सिखाए जाएंगे।

२. हर छात्र को **सस्टेनेबिलिटी (Environmental Sustainability)** की ट्रेनिंग भी दी जाएगी ताकि वह समाज के लिए जिम्मेदार तकनीकी समाधान तैयार कर सके।

**ऑनर्स और ड्यूल डिग्री का विकल्प**

नए कोर्स स्ट्रक्चर में:

१. **छात्र चाहे तो बीटेक के साथ-साथ ऑनर्स कर सकते है** |

२. तीसरे साल के बाद छात्र सीधे **M.Tech** में प्रवेश लेकर 5 साल में **B.Tech + M.Tech की डिग्री** पूरी कर सकते हैं।

## अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से ली प्रेरणा

**आईआईटी दिल्ली** ने इस कोर्स को डिजाइन करते वक्त **MIT, स्टैनफोर्ड** और **कैम्ब्रिज** जैसे प्रमुख **वैश्विक विश्वविद्यालयों** के कोर्सेज का अध्ययन किया है, ताकि छात्रों को **ग्लोबल स्टैडंर्ड की शिक्षा** मिल सके।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: THE VIEWS/CONTENTS EXPRESSED/PRESENTED HEREIN, WITHIN THIS ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE ARE THE SOLE AND EXCLUSIVE RESPONSIBILITY OF INDIVIDUAL CLIENTS/EXPERT/THEIR AUTHORISED REPRESENTATIVE/PUBLISHER, TO WHICH EFFECT, PUBLICATION HOUSE/ITS REPRESENTATIVE/AFFILIATES ARE NOT RESPONSIBLE/LIABLE WHATSOVER.